मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से सौर ऊर्जा परियोजनाओं के सम्बन्ध में मुलाकात

श्री मनीष सहाय, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल द्वारा दिनांक 06.01.2021 को श्री मयूर महेश्वरी, आईएएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) से कानपुर में मुलाकात की गई | इस बैठक में यूपीसीडा द्वारा प्रस्तावित 100 MW ललितपुर सौर ऊर्जा परियोजना के निर्माण के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी |

श्री मयूर महेश्वरी, आईएएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूपीसीडा को पुष्प गुच्छ भेंट करते श्री मनीष सहाय, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल

मुलाकत के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूपीसीडा ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल को 100 MW ललितपुर सौर ऊर्जा परियोजना के निर्माण में बीएसयूएल द्वारा अग्रिम कार्यवाही करने पर सहमति व्यक्त की और यह भी बताया कि यूपीसीडा ललितपुर सौर परियोजना के लिए अतिरिक्त जमीन देने पर भी विचार कर रहा है | मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूपीसीडा ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी,

बीएसयूएल को ललितपुर के अतिरिक्त मिर्ज़ापुर, पीलीभीत एवं औरैया में भी सौर ऊर्जा परियोजना के लिए जमीन लीज रेंट पर प्रदान करने की पेशकश की|

इसके पश्चात, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सुश्री नेहा जैन, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूपीसीडा से भी मुलाकात की| अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सौर परियोजना हेतु जमीन की आवश्यकता एवं अन्य बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूपीसीडा द्वारा बताये स्थानों पर उपलब्ध जमीन का विवरण शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए कहा|

<u>सुश्री नेहा जैन, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूपीसीडा को पुष्प गुच्छ भेंट करते श्री मनीष सहाय, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल</u>

उपरोक्त स्थानों पर लगभग 450 MW (ललितपुर सौर ऊर्जा परियोजना को शामिल करते हुए) सौर संयंत्र लगाने की सम्भावना है| यूपीसीडा के विभिन्न स्थलों पर बीएसयूएल द्वारा सौर संयंत्र लगाने के लिए यूपीसीडा के साथ अनुबंध के मसौदे पर भी बात की गयी| उक्त बैठकों में श्री ब्रिजेश शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक (विद्युत), बीएसयूएल भी मौजूद थे।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूपीसीडा के साथ संपन्न बैठक के पश्चात बीएसयूएल द्वारा उत्तर प्रदेश में और अधिक सौर परियोजनायें स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है|